**श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक– 15.07.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 09:30 बजे संपन्न प्रशाखा–01 की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

---

## उपस्थिति

1. श्री उमाकान्त प्रसाद, अवर सचिव, खेल विभाग।
2. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
3. श्रीमती श्रेया पुष्कर, सहायक निदेशक–सह–जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी।
4. श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
5. श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा), खेल निदेशालय।
6. सुश्री रूचि दिव्यांशी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
7. श्री सरोज झा, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
8. श्री रवि कुमार, वरीय सचिवालय सहायक, खेल विभाग।

## I. सर्वोच्च प्राथमिकताएँ

### (1) निदेशालय का गठन

निदेशालय को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाने तथा क्षेत्रीय कार्यालय के स्थापना से संबंधित एवं निदेशालय से संबंधित सभी संचिकाएँ निदेशालय को हस्तांतरित करने की कार्रवाई विभाग के सभी प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा यथाशीघ्र किया जाय।

प्रत्येक प्रशाखावार बैठक में निदेशालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को उपस्थित रहने का निदेश दिया गया।

श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी को निदेशित किया गया है कि खेल विभाग के सभी संबंधित प्रशाखाओं में पदस्थापित प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/वरीय सचिवालय सहायक/उच्चवर्गीय लिपिक को निदेशालय से संबंधित सभी संचिकाओं को दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराते हुए की गई कार्रवाई से प्रतिवेदन प्रशाखा–01 को उपलब्ध कराने हेतु पीत पत्र अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से दिया जाय।

16.7.26

श्री सरोज कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल निदेशालय को निदेशित किया गया है कि जो भी संचिका खेल विभाग के संबंधित प्रशाखा से प्राप्त करना है, उसे विभाग से पत्राचार के माध्यम से प्राप्त करना शीघ्र सुनिश्चित किया जाय।

उक्त मामले में अनुपालन ससमय नहीं करने पर संबंधित प्रशाखा के प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/वरीय सचिवालय सहायक/उच्चवर्गीय लिपिक (खेल निदेशालय सहित) से स्पष्टीकरण प्रशाखा-01 द्वारा प्राप्त किया जाय।

**(अनुपालन– सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/वरीय सचिवालय सहायक/उच्चवर्गीय लिपिक (खेल निदेशालय सहित)**

**(2) आयोग को प्रेषित अधियाचनाएँ**

**(क) विभाग एवं निदेशालय के पदों**

**I. बिहार खेल अधीनस्थ सेवा संवर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति की स्थिति**

बिहार खेल अधीनस्थ सेवा संवर्ग के मूल कोटि के पद पर क्रीड़ा प्रशिक्षक के कुल स्वीकृत पद– 380 है, जिसमें 379 पद रिक्त है। 379 रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या–08/2025 प्रकाशित किया गया। विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् क्रीड़ा प्रशिक्षक के 379 पदों का 21 खेल विधावार विवरण उपलब्ध कराये जाने के फलस्वरूप आयोग ज्ञापांक–1921/आ0, दिनांक–04.05.2026 द्वारा खेल विधावार कोटिवार रिक्तियों की विवरणी एवं पाठ्यक्रम के संबंध में शुद्धि पत्र प्रकाशित किया गया।

उक्त अधियाचित पदों के विरूद्ध नियुक्ति की अद्यतन स्थिति के संबंध में उप सचिव, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा बताया गया कि एजेंसी चयन की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है एवं Software तैयार कर अभ्यर्थियों से क्रीड़ा प्रशिक्षक के 379 पदों का 21 खेल विधावार विकल्प प्राप्त किये जाने की कार्रवाई की जायेगी।

**(अनुपालन– श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी)**

**II. बिहार खेल सेवा संवर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति की स्थिति**

बिहार खेल सेवा संवर्ग के मूल कोटि के कुल पद–44 है। जिसमें प्रोन्नति हेतु स्वीकृत पद–11 एवं रिक्त पद 33 है। 33 रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति से संबंधित

परीक्षा सम्पन्न एवं परीक्षाफल प्रकाशित हो चुका है। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की जा रही है।

**(अनुपालन– श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी)**

### III. बिहार खेल लिपिकीय सेवा के रिक्त पदों पर नियुक्ति की स्थिति

बिहार खेल लिपिकीय सेवा संवर्ग के मूल कोटि के पद पर निम्नवर्गीय लिपिक के कुल स्वीकृत पद–80 है। जिसमें सीधी भर्ती हेतु पद–68, कार्यरत बल–12, सीधी नियुक्ति के आधार पर कोटिवार कार्यरत पद– 15 इसके पश्चात् रिक्ति पद–53 है। 53 रिक्त पदों के विरूद्ध अभ्यर्थियों के चयन हेतु अधियाचना सचिव, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार, पटना को भेजी जा चुकी है। आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार लिखित परीक्षा का संभावित तिथि जून–जुलाई–2026 दिया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशित किया गया कि परीक्षा की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के लिए अध्यक्ष, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना को पत्र भेजा जाय।

**(अनुपालन– श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी)**

### (ख) राज्य खेल अकादमी, राजगीर

कुल 81 पद स्वीकृत है। बिहार राज्य खेल अकादमी, राजगीर के लिए स्वीकृत कुल 81 पदों में से 02 पदों के नियुक्ति नियमावलियों का गठन किया गया है

निम्नवर्गीय लिपिक के लिए कुल पद– 10 हैं, जिसमें कार्यरत पद एक भी नहीं है। 10 रिक्त पदों के विरूद्ध अभ्यर्थियों के चयन हेतु अधियाचना सचिव, बिहार कर्मचारी चयन आयोग को भेजी जा चुकी है। आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेण्डर के अनुसार प्रारंभिक परीक्षा की संभावित तिथि जून–जुलाई, 2026 दिया गया है।

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना को राज्य खेल अकादमी एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर के लिए क्रीड़ा प्रशिक्षक के कुल 48 रिक्त पदों के विरूद्ध चयन हेतु (विभागीय पत्रांक–3278 एवं दिनांक–29.07.2025) सामान्य प्रशासन विभाग अधियाचना के माध्यम से बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना को प्रेषित है।

उक्त अधियाचित पदों के विरूद्ध नियुक्ति की अद्यतन स्थिति के संबंध में अपर सचिव, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना द्वारा आश्वस्त करते हुए कहा गया है कि आयोग द्वारा उक्त पद के नियुक्ति की प्रक्रिया हेतु एजेंसी चयन की कार्रवाई दो दिनों

के अन्दर पूर्ण कर ली जायेगी। तदोपरांत उक्त अधियाचित पदों की परीक्षा तिथि शीघ्र प्रकाशित कर दी जायेगी।

**(अनुपालन– श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी)**

**(ग) बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना**

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा कुल 301 पदों का प्रस्ताव निर्गत हो चुका है। इसमें नियुक्ति प्रक्रिया का प्रस्तुतीकरण किया गया है और कार्यकारणी समिति से अनुमोदन किया जा चुका है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से **HR Mannual** पर सहमति दी गई है। संचिका वित्त विभाग को भेजी दी गई है। वित्त विभाग से संशोधन/समीक्षा के परामर्श के साथ संचिका वापस प्राप्त हुई है। वित्त विभाग से प्राप्त परामर्श के आलोक में अपेक्षित संशोधन करने हेतु बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना से अनुरोध किया गया।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना से संशोधित **HR Mannual** प्राप्त हो चुका है।

उक्त संशोधित **HR Mannual** में वित्त विभाग के परामर्श/आपत्ति के अनुरूप पूर्ण संशोधित नहीं किये जाने के कारण बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना से पूर्ण संशोधित **Mannual** उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाय।

**(सुश्री रूचि दिव्यांशी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी)**

**(3) सेवान्त लाभ**

**(क)** पूर्व से लंबित सेवांत लाभ से संबंधित सभी मामले का निष्पादन 15 दिनों के अंदर करना सुनिश्चित करेंगे तथा इस आशय का प्रमाण पत्र देंगे कि सेवानिवृत संबंधी सभी मामले का निष्पादन हो गया है, जो निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | सरकारी सेवक का नाम | पदनाम | पदस्थापित कार्यालय | सेवानिवृति की तिथि | सेवांत लाभ की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बैधनाथ सिंह | निम्नवर्गीय लिपिक | मोईनुलहक स्टेडियम, राजेन्द्र नगर, पटना | 28.02.2026 | महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत किया जा चुका है। |
| 2 | श्री देवनारायण पासवान | कार्यालय परिचारी | जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, सहरसा | 31.05.2026 | महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत किया जा चुका है। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | श्री किरण कुमार झा | उच्चवर्गीय लिपिक | मोईनुलहक स्टेडियम, राजेन्द्र नगर, पटना | 30.06.2026 | महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत किया जा चुका है। |
| 4 | श्री जय शिवशंकर प्रसाद विद्यार्थी | कार्यालय परिचारी | उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, कटिहार | 30.06.2026 | महालेखाकार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत किया जा चुका है। |
| 5 | श्री उमाशंकर दुबे | कार्यालय परिचारी | प्राचार्य, बी0पी0 सिन्हा, शा0शि0, महाविद्यालय, पटना | 30.11.2026 | विभागीय पत्रांक–89, दिनांक–10.06. 2026 द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत किये जाने हेतु महालेखाकार कार्यालय से अनुरोध किया गया है। |

श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग एवं श्री सरोज कुमार झा, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल निदेशालय द्वारा बताया गया कि सेवान्त लाभ का कोई मामला विभाग एवं निदेशालय में लंबित नहीं है।

**(ख)** एक वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मियों, पदाधिकारियों की सूची तैयार कर संचिका में प्रस्तुत करेंगे। उन सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों से सेवानिवृत्त संबंधी सभी कागजात प्राप्त कर सेवान्त लाभ को ससमय निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रशाखा पदाधिकारी–01 को निदेशित किया गया कि 31 दिसम्बर 2026 तक सेवानिवृत होने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों की सूची अवलोकनार्थ हेतु अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

**(अनुपालन– श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी)**

**(4) <u>ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0</u>**

खेल विभाग में ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 से संबंधित जितने भी मामले लंबित हैं, जिस पर विभाग द्वारा निर्णय लिया जाना है। उक्त के आलोक में तिथि निर्धारित करने हेतु संचिका शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन– श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी एवं सुश्री रूचि दिव्यांशी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी)**

**(5) न्यायालय से संबंधित मामले**

**(क)** माननीय उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय से संबंधित मामले की सूची सहायक प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा विहित प्रपत्र में तैयार की जायेगी।

**(ख)** यदि न्यायालय आदेश के अनुपालन की आवश्यकता है तो अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। यदि अपील करने की या आदेश का संशोधन करने की आवश्यकता है तो विधि विभाग से परामर्श प्राप्त कर अपील दायर करने की कार्रवाई की जाय।

**(ग)** न्यायालय का मामला सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह का लापरवाही को गंभीरता से लिया जायेगा। लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी एवं कर्मचारी पर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

**(अनुपालन– श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी एवं सुश्री रूचि दिव्यांशी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी)**

**(6) अवकाश**

**(क)** सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी/अवर सचिव अवकाश के लिए आवेदन संचिका के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष स्वीकृति हेतु उपस्थापित करेंगे।

**(ख)** अतिआवश्यक परिस्थिति को छोड़कर बैठक के दिन (सोमवार एवं बुधवार) को कोई भी कर्मी अवकाश में नहीं रहेंगे।

**(ग)** वर्ग चार के कर्मियों का अवकाश संयुक्त सचिव स्वीकृत करेंगे।

**(अनुपालन– श्री अविनाश शंकर, प्रशाखा पदाधिकारी )**

**II. सामान्य प्राथमिकताएँ**

**(1) कार्यालय में उपस्थिति (Biometric Attendance)**

सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा अनिवार्य रूप से (Biometric Attendance) उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। बायोमेट्रिक उपस्थिति से संबंधित प्रतिवेदन प्रशाखावार तैयार कर प्रत्येक बुधवार को प्रस्तुत करेंगे।

पदाधिकारियों/कर्मियों के समय पर कार्यालय आने–जाने में सुधार नहीं होने की स्थिति में उनके विरूद्ध बिहार सेवा संहिता एवं सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के तहत् कार्रवाई की जाय।

कार्यालय अवधि 09:30 पूर्वाह्न से 6:00 अपराह्न

| क्र0 सं0 | पदाधिकारी / कर्मी | विलम्ब / समय पूर्व प्रस्थान की तिथि | आगमन के समय उपस्थिति | प्रस्थान के समय उपस्थिति दर्ज नहीं होने की तिथि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री कमलेश कुमार सिन्हा, (प्रधान आप्त सचिव) | 08.07.2026 | 19:07:19 | — | — |
| 2. | श्री संजय कुमार, (सहायक निदेशक, क्रीड़ा ) | 08.07.2026 एवं 09.07.2026 | 09:44:14 एवं 09:27:27 | 01 दिन उपस्थिति दर्ज नहीं हुआ। | — |
| 3. | श्री सोनू कुमार, (सहायक प्रशाखा पदाधिकारी) | 08.07.2026 | 09:31:23 | — | |
| 4. | श्री मुकूल कुमार, (सहायक प्रशाखा पदाधिकारी) | 10.07.2026 | 09:31:08 | — | — |
| 5. | श्री राहूल कुमार, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | 07.07.2026, 08.07.2026, 09.07.2026 एवं 10.07.2026 | 09:33:35, 09:32:23, 09:33:39, एवं 09:31:58 | — | — |
| 6. | श्री विपिन कुमार सिन्हा, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | 09.07.2026 | 09:30:15, | — | — |
| 7. | श्री पवन कुमार ठाकुर, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | 10.07.2026 एवं 13.07.2026 | 09:20:24 एवं 10:05:28 | — | — |
| 8. | श्री विश्वजीत कुमार, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | 09.07.2026 | 09:18:45 | 01 दिन उपस्थिति दर्ज नहीं हुआ। | — |
| 9. | श्री संजीव कुमार, (डाटा इन्ट्री ऑपरेटर) | 06.07.2026 | 09:35:47 | — | — |

कार्यालय अवधि के बाद कार्यालय आने–जाने वाले पदाधिकारियों / कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय।

उपर्युक्त के संबंध में प्रायः देखा जा रहा है कि कुछेक पदाधिकारियों/कर्मियों विलम्ब से कार्यालय आते–जाते है। निदेश दिया जाता है कि एक माह में दो दिन विलम्ब होने पर एक अकास्मिक अवकाश की कटौती की जाय।

**(2) <u>लंबित पत्रों का प्रतिवेदन सचिव के समक्ष उपस्थापित करना</u>** निर्धारित प्रपत्र में प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/नि०व०लि० का साप्ताहिक लंबित पत्रों का प्रतिवेदन संचिका में संधारित करते हुए अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अवलोकनार्थ उपस्थापित की जाय।

**(3) <u>निरीक्षण</u>**

**(क) <u>पटल निरीक्षण</u>**

प्रत्येक सप्ताह प्रशाखा पदाधिकारी द्वारा अपने प्रशाखा के किसी एक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/नि०व०लि० एवं अवर सचिव द्वारा किसी एक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी का पटल निरीक्षण किया जायेगा एवं पटल निरीक्षण प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष संचिका में उपस्थापित करें।

पटल निरीक्षण/प्रशाखा निरीक्षण करने वाले पदाधिकारी निरीक्षण प्रतिवेदन (विहित प्रपत्र में) की संचिका प्रत्येक सप्ताह आवश्यक रूप से उपस्थापित कर दिये जाने का निदेश दिया गया।

**(ख) <u>प्रशाखा निरीक्षण</u>**

संयुक्त सचिव द्वारा प्रशाखा का निरीक्षण प्रत्येक माह में एक बार किया जाना है तथा प्रशाखा निरीक्षण प्रतिवेदन से संबंधित संचिका में टिप्पणी अंकित करते हुए निदेशक के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करेंगे।

अवर सचिव किसी एक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/उच्चवर्गीय/निम्नवर्गीय लिपिक का निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को बैठक के पूर्व भेजना सुनिश्चित करेंगे।

**(4) <u>प्रशाखा की उपलब्धि</u>**

खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना, राज्य खेल अकादमी, राजगीर, एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर का वर्ष 2026–27 की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को समेकित करते हुए एक पुस्तिका तैयार किया जाना है।

## III. नवाचार

### (1) ई–ऑफिस

प्रत्येक प्रशाखा के प्रशाखा पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि जो संचिकाओं का स्कैनिंग हो चुका है, वह किसी भी स्थिति में ई–ऑफिस के माध्यम से ही उपस्थापित किया जाय।

उपर्युक्त के संबंध आई0टी0 मैनेजर द्वारा बताया गया कि 1280 संचिकाओं के स्कैनिंग का कार्य सम्पन्न हो चुका है जिसके उपरांत संबंधित प्रशाखा के प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/वरीय सचिवालय सहायक/उच्चवर्गीय लिपिक पदाधिकारी/कनीय सचिवालय सहायक के ई–ऑफिस आई0डी0 में भेजा जा चुका है।

उक्त के संबंध में आई0टी0 मैनेजर के द्वारा बताया गया है कि संबंधित प्रशाखा के प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/वरीय सचिवालय सहायक/उच्चवर्गीय लिपिक पदाधिकारी/कनीय सचिवालय सहायक के कंप्यूटर पर पटल से संबंधित संचिकाओं की सूची सॉफ्ट कॉपी के रूप में अपलोड कर दी गई है एवं सभी पदाधिकारी/कर्मी से अनुरोध किया गया है कि संचिका में अगर टिप्पणी भाग का नोटिंग अथवा पत्राचार भाग पर रक्षित पत्र गलत अपलोड हुआ हो तो उसे शीघ्र आई0टी0 मैनेजर को अवगत करायेंगे, ताकि उसका निष्पादन अविलंब किया जाय।

### (2) टंकण कार्य

सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों को टंकण कार्य एवं कम्प्यूटर से संबंधित कार्य का ज्ञान होना अनिवार्य है।

प्रत्येक सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/ उच्चवर्गीय लिपिक/निम्नवर्गीय लिपिक को हिन्दी में टंकण की गति 35–40 शब्द प्रति मिनट प्राप्त करने हेतु निदेश दिया गया है।

### (3) सुलभ संगणक (Ready Reckoner)

सुलभ संगणक 3.0 को इस वर्ष तैयार किया जाना है। इस हेतु विभाग से निर्गत सभी नियमों को समेकित करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य का अनुश्रवण श्रीमती श्रेया पुष्कर, सहायक निदेशक–सह–जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

**(4) iGOT Portal पर प्रशिक्षण**

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये पत्र के आलोक में सभी पदाधिकारी/कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस संबंध में किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर आई0टी0 प्रबंधक से सहायता प्राप्त करेंगे।

**(5) बैठक संबंधी निदेश**

विभागीय प्रशाखावार की समीक्षात्मक बैठक सचिव के अवकाश/व्यस्तता की स्थिति में निदेशक के द्वारा तथा निदेशक के अवकाश/ व्यस्तता की स्थिति में संयुक्त सचिव के द्वारा एवं संयुक्त सचिव के अवकाश/व्यस्तता की स्थिति में अवर सचिव द्वारा किया जाय।

**(IV) समस्या/सुझाव**

प्रशाखा के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा पदाधिकारी, अवर सचिव एवं वरीय पदाधिकारी द्वारा कोई भी समस्या एवं सुझाव है तो उसका उल्लेख किया जा सकता है। साथ ही उस समस्या का समाधान हेतु सुझाव भी दिया जायेगा।

17/07/26

**(निरंजन कुमार)**
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–01/स्था0–10(बैठक)–02/2026 2730 पटना/दिनांक–17.7/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

17/07/26
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–01/स्था0–10(बैठक)–02/2026 2730 पटना/दिनांक–17.7/2026

प्रतिलिपिः– महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना/कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर/निदेशक (खेल) के आशुलिपिक /संयुक्त सचिव/अवर सचिव/विभागीय सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सहायक निदेशक, (क्रीड़ा,युवा एवं योजना) /प्रशाखा पदाधिकारी–01/आई0टी0 मैनेजर/सभी संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी एवं कर्मी, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.7.26

17/07/26
संयुक्त सचिव।